सुविचार
तूफान में जहाज पर डटे रहने वाले ही महासागर पार करते हैं।

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 5.00
वर्ष 8, अंक 337, महानगर

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

देश का नंबर 1 अखबार

सेंसेक्स	80,567.71	↑	+409.83
डॉलर	88.06	↓	-0.09

देश में मानसून औसत बारिश 780.8 मिमी
आपके शहर में अब तक 851.57 मिमी | कम/ज्यादा +392.73 मिमी
(पिछले साल अब तक 800.43 मिमी बारिश हुई थी)

बीसलपुर
फुल टैंक लेवल 315.50 फीट | आज तक 315.39 फीट

झुंझुनूं, राजस्थान, गुरुवार, 4 सितंबर, 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-12, 2082 12 राज्य | 61 संस्करण

पिलानी के सीएसआईआर-सीरी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

पिलानी | केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर सीरी) पिलानी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। प्रश्न मंच हुआ, जिसमें सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं, सतर्कता, खेल, सिनेमा आदि विषयों पर प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रश्न मंच का संचालन संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के

सदस्य व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय चटर्जी ने किया। वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान आशुभाषण, वाद-विवाद, प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण, तकनीकी प्रस्तुतीकरण, कविता पाठ आदि आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हिंदी पखवाड़े से पूर्व भी सात प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं तथा संस्थान में हिंदी प्रतियोगिताओं एवं अन्या आयोजनों के माध्यम से कर्मचारियों को कार्यालयी कार्य में राजभाषा के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।